समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ‘कराची और लाहौर मे बंनाएंगे अगला गुरुकुल’, भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बोले योग गुरु बाबा रामदेव।

Publisher

Published on 05 May 2025



**बाबा रामदेव ने कहा कि पाकिस्तान के पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान और पीओके मे लंोग परेशान है, ंवो आजादी की मांग कर रहे है. ंऐसे हालातों मे चंार दिन भी पाकिस्तान भारत के सामने नहीं ंटिक सकता है.**

पाकिस्तान और भारत में जारी तनाव के बीच योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि वह अगला गुरुकुल लाहौर और कराची में बनाएंगे. उनका कहना है कि जैसे हालात पाकिस्तान के इस वक्त हैं तो अगला गुरुकुल वहीं बनाना पड़ेगा. रामदेव ने कहा कि पाकिस्तान के कई प्रांत आजादी की मांग कर रहे हैं तो वो पहले ही टूटा पड़ा है, भारत से लड़ने की उसमें हिम्मत ही नहीं है.

बाबा रामदेव से दोनों देशों के मौजूदा हालातों पर सवाल किया गया था, जिस पर उन्होंने कहा, ‘पाकिस्तान तो नापाक देश वैसे ही है, वो खुद ही टूटने जा रहा है. उधर, पख्तून उसको तोड़ने में लगे हैं. बलूचिस्तान के लोग अपनी आजादी की मांग कर रहे हैं. पीओके में हालात और खराब हैं तो वो भारत से लड़ने का सामर्थ्य कहां रखता है.’

रामदेव ने कहा कि पाकिस्तान भारत के साथ चान दिन भी खड़ा नहीं हो सकता है. उन्होंने कहा, ‘मुझे तो लगता है कि हमें अगला गुरुकुल, कराची और लाहौर में बनाना पड़ेगा और वहीं से हमारे गुरुकुल की संस्कृति प्रारंभ हुई थी. वहीं, से ये अभियान अब वापस चलेगा तो तीन गुरुकुल पूजीय आचार्य जी यहां बनाएंगे और हम अगला गुरुकुल कराची और लाहौर में बनाएंगे.’

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्तों में खटास बढ़ती जा रही है. हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन के सहयोगी ग्रुप द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) ने ली है और लश्कर के चीफ हाफिज सईद को पाकिस्तान ने पनाह दी हुई है. हालांकि, टीआरएफ ने बाद में यह बयान वापस ले लिया. पाकिस्तान सरकार को

डर है कि पहलगाम हमले का बदला भारत जरूर लेगा इसलिए वह डरा हुआ है और उसने हाफिज सईद की सुरक्षा बढ़ा दी है.

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों को खतरा है कि भारत की ओर से किसी सीक्रेट ऑपरेशन के तहत हाफिज को निशाना बनाया जा सकता है इसलिए उसको कड़ी सुरक्षा के साथ लाहौर के घनी आबादी वाले इलाके में रखा गया है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.